श्री सांवलिया सेठ के भंडार से निकली 3.74 लाख रुपए की राशि, खर्च 3.82 लाख रुपए

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। मल्हारगढ़ तहसील के बरखेड़ा पंथ स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर का भंडार चतुर्दशी पर खोला गया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा की गई गणना में दानपात्र एवं ऑनलाइन डोनेशन से कुल 3 लाख 74 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमावस्या से चतुर्दशी तक कुल 3,74,000 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जबकि इस अवधि में कुल 3,82,860 रुपए खर्च हुए। शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शाम को वानीखेड़ी श्री सांवलिया मित्र मंडल पैदल यात्रा संघ की ओर से महाआरती का आयोजन किया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इसी क्रम में टीलाखेड़ा बालाजी से भी सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष बैंड-बाजे और डीजे के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालु गुड़भेली होते हुए श्री सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे। यहां महाआरती में भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की।

18 अक्टूबर को निकलेगी, चुनरी यात्रा, मां चामुंडा को चढ़ाई जाएगी चुनरी व छत्र

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। शारदीय नवरात्रि में अष्टमी पर नगर 18 अक्टूबर को विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान मां चामुंडा को चुनरी एवं छत्र अर्पित किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। सुबह 8 बजे महावीरगंज स्थित कालका माता मंदिर से चुनरी यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के देवरा गली स्थित अयोध्या बस्ती के श्री चामुंडा माता मंदिर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से माता रानी को चुनरी एवं छत्र चढ़ाया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम के तहत शाम 5 बजे हवन होगा तथा शाम 7:15 बजे महाआरती की जाएगी।

अवैध शराब में एक महिला सहित तीन आरोपी पकड़ाए

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित तीन आरोपियों से शराब जब्त की। झारड़ा चौकी पुलिस ने गोपालपुरा निवासी पन्नालाल बंजारा (42) की दुकान से 13 क्वार्टर मसाला, 8 क्वार्टर सफेद देशी शराब और 5 बीयर के टिन, कुल 6.280 लीटर शराब जब्त की। वहीं, नाहरगढ़ थाना पुलिस ने शक्करखेड़ी डेरे से रेनु बोरासा (32) के कब्जे से पांच लीटर हाथ भट्ठी की कच्ची शराब जब्त की। एक अन्य कार्रवाई में नाहरगढ़ निवासी राधेश्याम राठौर (28) से देशी शराब के 2.880 लीटर की। पुलिस ने तीनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं।

पुलिस की कार्रवाई, 'पटाखा साइलेंसर' वाली दो बुलेट पकड़ीं, चालानी कार्रवाई की



पिपलिया स्टेशन (निप्र)। नगर में पटाखे जैसी तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ पिपलियामंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बुलेट पकड़ीं । दोनों मोटरसाइकिलों पर 'सरपंच' लिखा हुआ था। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और एक वाहन पर लगे तेज आवाज करने वाले साइलेंसर को निकलवाया। जानकारी के अनुसार, नगर में तेज आवाज करने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों की समस्या शांति समिति की बैठक में भी उठाई गई थी। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने के निर्देश पर सोमवार रात्रि पुलिस ने यह कार्रवाई की। पकड़ी गई बुलेट के चालकों की पहचान दुर्गादास (27) पिता श्यामदास बैरागी और कमलेश (23) पिता ईश्वरलाल धनगर निवासी लुनाहेड़ा के रूप में हुई है। कमलेश के पिता ईश्वरलाल लुनाहेड़ा के सरपंच हैं। बुलेट पर सरपंच की नेम प्लेट भी लगी हुई थी। पुलिस ने दुर्गादास व कमलेश के खिलाफ 1,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की। थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग नहीं करने की अपील की है। उन्होंने आमजन से भी कहा कि क्षेत्र में इस तरह की बुलेट दिखाई देने पर वाहन के नंबर सहित फोटो पिपलियामंडी पुलिस को भेजें, ताकि संबंधित वाहन के खिलाफ नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जा सके।

ऑटो रिक्शा से गिरा 4 साल का बालक रास्ते में ही तोड़ा दम

रावटी। रावटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीमपुरा - रावटी रोड पर 4 साल के बालक की ऑटो रिक्शा से गिरने पर मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पुष्कर पिता विनु जाती गरवाल निवासी भीमपुरा उम्र 4 वर्ष प्रतिदिन के अनुसार गांव से निजी टेंपो से स्कूल के लिए निकला था टेंपो चालक को जानकारी मिली कि आज स्कूल में अवकाश है जिस से वह आधे रास्ते से करीब 11 बच्चों से भरा टेंपो वापस गांव लेकर लौट रहा था तभी टेंपो पलटा गया।

टेंपो चालक बालक को घायल अवस्था में लेकर वापस रावटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बालक ने दम तोड़ दिया मृतक बालक के पिता के अनुसार वीनू के दो बालक है पुष्कर 4 वर्ष और गोपाल 3 वर्ष का है स्कूल छुट्टी की जानकारी नहीं थी जिस वजह से पुष्कर स्कूल जाने को तैयार हुआ गोपाल बीमार होने की वजह से स्कूल नहीं गया वाहन चालक प्रतिदिन गांव से करीब 15 बच्चों को लेकर स्कूल लाने और ले जाने का कार्य करता है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच में लिया है आरोपी का टेंपो जप्त कर लिया गया है और विवेचना जारी है वहीं निजी स्कूल संचालक से बात की तो जानकारी मिली कि 12 तारीख को बच्चों की परीक्षा पूरी हुई 13 को स्कूल में बच्चों का ऐच्छिक अवकाश रखा गया था साथी 14 तारीख को पालकगण की मीटिंग बुलाई गई है स्कूल में 400 से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं नर्सरी से लेकर आठवीं तक क्लास लगती है साथ ही ग्रामीणों द्वारा अस्पताल में शव वाहन तथा पोस्टमार्टम व्यवस्था नहीं होने से नाराजगी जताई आए दिन होने वाले हादसों में घायल या मृतक को निजी गाड़ियों से मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है जिनका भाड़ा परिजन को स्वयं भरना पड़ता है।





दो पक्षों में मारपीट, दोनों पर क्रास केस दर्ज

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। बाड़े की जमीन और गाय के बछड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं सहित कई लोगों को चोटें आईं।

दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए। दोनों पक्ष पर पुलिस ने केस दर्ज किए। पहले पक्ष की श्यामाबाई (40) पति नंदलाल गायरी, निवासी अरनिया जटिया ने रिपोर्ट में बताया कि बाड़े की जमीन को लेकर जेठ सालगराम के परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। सुबह करीब 6 बजे वह गोबर डालने के लिए घर से निकली, तभी जगदीश और तुलसीराम ने बाड़े में आने से मना करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों सहित चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जगदीश ने लकड़ी से हमला किया, जिससे उसके बाएं हाथ और पैर में चोट आई। बीच-बचाव के दौरान जेठानी भारती बाई को भी दाएं हाथ में चोट लगी। श्यामाबाई ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने दोबारा बाड़े में आने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष की धापूबाई (45) पति सालगराम धनगर (45), निवासी अरनिया जटिया ने रिपोर्ट में बताया कि सुबह करीब 6 बजे वह घर के पीछे बाड़े में गाय का बछड़ा बांधने गई थी। इसी दौरान देवरानी भारती बाई के साथ बछड़े को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि भारती बाई ने गाली-गलौज की, जबकि श्यामा बाई ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। भारती बाई ने लकड़ी से हमला किया, जिससे धापूबाई की कमर और पीठ के दाईं ओर चोट आई। बीच-बचाव करने आए तुलसीराम के पेट में चोट लगी, जबकि कंवरलाल द्वारा पत्थर मारने से उसके दाएं पैर की अंगुली में चोट आने का आरोप लगाया गया है। धापूबाई ने भी दूसरे पक्ष के लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। नारायणगढ़ पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया।

कार-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में किसान की दर्दनाक मौत, टक्कर में हाथ शरीर से अलग हुआ

पिपलिया स्टेशन(निप्र)। पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर बंड पिपलिया फटे से पहले पुलिया के समीप मंगलवार को दोपहर कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार किसान की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक का एक हाथ शरीर से अलग हो गया। भिड़ंत के बाद दोनों वाहन सड़क से नीचे खेत उतर गये। जानकारी के अनुसार, गोपालपुरा निवासी मदनलाल (45) पिता नारायण चौहान खेती-किसानी का काम करते थे। मंगलवार दोपहर करीब 2:15 बजे वे बाइक से नारायणगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मदनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार और बाइक टक्कर के बाद सड़क से काफी दूर खेत मे उतर गए। दुर्घटना में मदनलाल का एक हाथ शरीर से अलग हो गया। हादसे के कारणों और वाहनों की गति को लेकर जांच की जा रही है। नारायणगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया दुर्घटना में शामिल स्विफ्ट डिजायर कार का पंजीयन क्रमांक एमएच43 टी 6077 सामने आया है। कार रतलाम पासिंग बताई जा रही है। दुर्घटना के समय कार में कितने लोग सवार थे और हादसे के बाद वे कहां गए, इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। नारायणगढ़ पुलिस कार सवारों की तलाश कर रही है। इधर मदनलाल की असामयिक मौत से परिवार में शोक छा गया। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

ट्रक की टक्कर से कार चालक की हुई थी मौत, जांच के बाद ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। मंदसौर-नीमच हाईवे पर सोनिक बायोकेम फैक्ट्री के पास ट्रक की टक्कर से कार चालक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद ट्रक चालक के खिलाफ मंगलवार को प्रकरण दर्ज किया है।

मृतक की पहचान मनोज शर्मा (42) पिता कैलाशचंद्र शर्मा निवासी मेघदूत नगर, मंदसौर के रूप में हुई थी। पुलिस के अनुसार, घटना 7 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 3.30 बजे की है। मंदसौर से फूल बेचकर बाइक से अपने गांव बही पार्श्वनाथ लौट रहे दीपक और सुंदरलाल सोनिक बायोकेम फैक्ट्री के पास पहुंचे थे। इसी दौरान उनके आगे चल रही कार और पीछे से आ रहे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को ओवरटेक किया और उसके आगे अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कार ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक मनोज शर्मा के सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर टोल एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को जिला चिकित्सालय मंदसौर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रक का नंबर एमएच 18 बीजेड 4971 था। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर टोल टैक्स की ओर चला गया। पुलिस ने मर्ग जांच में प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। जांच में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया।

सुप्रीम कोर्ट से डॉ. प्रदीप पाटीदार को अंतरिम राहत

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। डॉ. प्रदीप पाटीदार को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद डॉ. पाटीदार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) प्रस्तुत की थी। 13 अक्टूबर 2026 को मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर नोटिस जारी किया और अंतरिम राहत प्रदान की।

डॉ. प्रदीप पाटीदार की ओर से अधिवक्ता एवं एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) आंचल बुले तथा अधिवक्ता मनुदेव पाटीदार के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की गई।

न्यायालय ने आदेश दिया कि संबंधित एफआईआर के मामले में यदि डॉ. पाटीदार की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें 25 हजार रुपए के व्यक्तिगत बंधपत्र तथा समान राशि के एक या अधिक जमानतदार प्रस्तुत करने पर जांच अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार जमानत पर रिहा किया जाए। न्यायालय ने डॉ. पाटीदार को जांच में सहयोग करने और जांच अधिकारी द्वारा निर्देश दिए जाने पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं, राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाबी शपथपत्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। डॉ. प्रदीप पाटीदार के भाई एवं अधिवक्ता मनुदेव पाटीदार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत से उन्हें न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। वे न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं और उसका पालन करेंगे। डॉ. पाटीदार जांच में पूरा सहयोग करेंगे तथा जांच अधिकारी द्वारा बुलाए जाने पर उपस्थित होंगे। मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर 2026 को निर्धारित की गई है।

मिंडलाखेड़ा में डीपी से ऑयल चोरी, एक माह में 8 घटनाएं, किसान परेशान

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव मिंडलाखेड़ा में बिजली वितरण कंपनी की डीपी से ऑयल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सोमवार रात भी गांव की बीड़ क्षेत्र में लगी 2 डीपी से ऑयल चोरी हो गया। किसानों के अनुसार, पिछले एक माह में करीब 8 डीपी से ऑयल चोरी किया जा चुका है। लगातार हो रही वारदातों से किसान परेशान हैं। किसान रहुलसिंह ने बताया कि मिंडलाखेड़ा की बीड़ क्षेत्र में लगी डीपी से पहले भी दो-चार बार चोर ऑयल निकालकर ले जा चुके हैं। इस संबंध में पिपलियामंडी पुलिस चौकी पर शिकायत भी की गई थी, लेकिन किसानों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई पुलिस अधिकारी मौके पर देखने नहीं पहुंचा। अब एक बार फिर डीपी से ऑयल चोरी होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ऑयल चोरी होने के कारण डीपी को बदलवाने या उसमें दोबारा ऑयल डलवाने की नौबत आ रही है। किसानों के मुताबिक, एक डीपी में करीब 120 लीटर ऑयल आता है। चोरी किया गया ऑयल लगभग 120 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचे जाने की बात सामने आई है। इस तरह एक डीपी का पूरा ऑयल चोरी होने पर करीब 14,400 रुपये का नुकसान हो सकता है। पिछले एक माह में 1 लाख 15 हजार का ऑयल चोरी होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती रही और किसानों को दोबारा ऑयल डलवाने के लिए आपस में रुपये एकत्रित करने पड़ते हैं। किसानों का कहना है कि पहले ही बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशानी हो रही है, वहीं डीपी से ऑयल चोरी होने के कारण बिजली बंद रहने पर सिंचाई का काम भी प्रभावित होता है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए, आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाए तथा बिजली आपूर्ति जल्द बहाल कराने की व्यवस्था की जाए। चौकी प्रभारी रितेश डामोर ने बताया कि डीपी से आइल चोरी की घटना सामने आई है । पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

पर सट्टे के खिलाफ कार्रवाई, तीन आरोपी पकड़े

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। नारायणगढ़ पुलिस ने अवैध सट्टा गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा उपकरण व नकद जब्त किए हैं। आशा अमर मंदिर के पास झाड़ी रोड पर सट्टा अंक लिखते पाए जाने पर सोम्या निवासी ताराचन्द्र मालवीय को पकड़ा गया। दूसरी कार्रवाई में नारायणगढ़ में तालाब की पाल के पास सट्टा अंक लिखते सोम्या निवासी राजू मालवीय को पकड़ा गया। इसी तरह तीसरी कार्रवाई में तालाब की पाल, पतवाली के पास सट्टा अंक लिखते जान्याखेड़ी निवासी ओमप्रकाश बोडाना को पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

किशोर कुमार के स्वरांजलि कार्यक्रम में गुलाब चक्कर किशोरमय हुआ



रतलाम। महान गायक किशोर कुमार की 39वीं पुण्यतिथि पर पर गिरीश सिंगिंग क्लब द्वारा गुलाब चक्कर पर स्वरांजलि कार्यक्रम किशोर दा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुनील वाडकर गायक, आयोजन,प्रवर्तक, संस्थापक- रफीज फन क्लब मुंबई तथा विशिष्ट अतिथि भगतसिंह भदोरिया चेयरमैन एम आई सी नगर निगम रेलवे पेंशनर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास, वरिष्ठ सलाहकार पेंशनर विजय प्रकाश दुबे,देवीसिंह बिष्ट एवं समाजसेवी आनंद त्रिलोक चन्दानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति शिवेंद्र दुबे एवं कु सेहरीस -देखा एक ख्वाब तो ये सिलेसिले हुए-, निशि सक्सेना गिरीश शर्मा ने- तेरे मेरे मिलन की ये रैना-, पूजा भावसार राघवेंद्र चौहान ने -कोरा कागज था यह मन मेरा-, पर्वत के पीछे चंचे दा गांव - पूजा पटवा एवं अयक दुबे, करवटें बदलते रहे अशोक दुबे पूजा पटवा, परदेसिया यह सच है पिया अवनी उपाध्याय गिरीश शर्मा सहित जयंत गुप्ते, भुवनेश पंडित मैं प्रस्तुति देकर किशोर कुमार को याद किया। गिरीश सिंगिंग क्लब के संस्थापक गिरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि इसके पूर्व एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें रतलाम जिले सहित बाहर के गायको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सुनील वाडकर जी से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सुनील वाडकर मुंबई का सिंगिंग क्लब द्वारा शॉल, केसरिया दुपट्टा एवं पुष्पहार से अभिनंदन कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक दुबे द्वारा किया गया।

निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन महिला आईटीआई में किया

रतलाम। सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं के लिए निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन महिला आईटीआई रतलाम में किया गया। कैंप में 100 से अधिक बालिकाएं उपस्थित रहीं। यह लर्निंग लाइसेंस बालिकाओं और महिलाओं के लिए 6 माह तक वैध रहेगा। जो कि नॉन गियर व्हीकल के लिए प्रदाय किया जाता है। इसके पश्चात आरटीओ के माध्यम से स्थाई लाइसेंस बनाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम अन्तर्गत 20 टीबी रोगियों को वितरित किया पोषण आहार किट

रतलाम। देश को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त करने के संकल्प के साथ चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में समाजसेवी श्री अंकलेसरिया द्वारा निक्षय मित्र बनकर क्षेत्र के 20 टीबी से ग्रसित रोगियों को विशेष पोषण आहार किट वितरित किए गए। इस पोषण आहार का उद्देश्य टीबी के मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में मदद करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक अरोरा ने श्री अंकलेसरिया की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और सक्षम संस्थाओं के आगे आने से टीबी उन्मूलन अभियान को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे निक्षय मित्र बनकर इस राष्ट्रीय अभियान में अपना योगदान दें।

कम वर्षा से सिंचाई का संकट, किसानों को कम पानी वाली फसलें बोने की सलाह

रतलाम। जिले में इस वर्ष सामान्य वर्षा 918 मिलीमीटर के मुकाबले मात्र 591 मिलीमीटर बारिश हुई है। इससे तालाबों और बैराजों में जलभराव 50 प्रतिशत से भी कम है। ऐसे में रबी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होने की संभावना कम है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भगवान सिंह अर्गल ने किसानों को सलाह दी है कि सोयाबीन की कटाई के बाद मिट्टी में उपलब्ध नमी का उपयोग करते हुए जल्द खेत तैयार कर सरसों, चना, मसूर और अलसी की बुआई करें। गेहूं की बुआई उन्हीं किसान करें, जिनके पास पर्याप्त निजी जल स्रोत उपलब्ध हैं।